दैनिक जागरण 01/12/2024

शी-बाक्स पर घरेलू हिंसा की कर सकते हैं शिकायत : रोहित

कार्यक्रम के दौरान एकजुट हुए विद्यार्थी, कालेज स्टाफ व ग्रामीण। • सौ. ग्रामीण

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर गांव उगाड़ा में लगाया गया। शिविर में महिलाओं की सुरक्षा, घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न आदि के बारे में जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। प्रिंसिपल डा. रोहित दत्त ने छात्राओं को महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं, अधिनियमों और कानूनों के बारे में बताया। उन्होंने भारत सरकार के विभिन्न अधिनियमों, कानूनों, हेल्पलाइन नंबर, आनलाइन पोर्टल और यौन उत्पीड़न की आनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए शी-बाक्स के बारे में बताया। प्रिंसिपल ने शिविर में उपस्थित सभी लोगों को भारत की संसद द्वारा पारित विभिन्न अधिनियमों के बारे में जानकारी दी। इसका उद्देश्य महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाना और पीड़ित महिलाओं को कानूनी मदद उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने जानकारी देते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण महिलाओं और समाज दोनों के लिए फायदेमंद है। जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो वे अपने परिवार का समर्थन कर सकती हैं। कार्यक्रम अधिकारी डा. सरोज ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां निश्चित रूप से महिलाओं को अपने निर्णय लेने और अपनी पसंद का जीवन जीने के लिए साधन, अवसर और स्वायत्तता प्रदान करने की प्रक्रिया के लिए वरदान साबित होंगी। गांव के पूर्व सरपंच ने बताया कि यहां सरकार द्वारा चलाई गई महिला सशक्तीकरण स्कीमों को लागू कर महिला जागरूकता अभियान चलाया जाता है।